
## आधार केंद्रों का निरीक्षण किया

**बीदासर,** (निसं)। उपखंड अधिकारी सुमन शर्मा ने जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में आधार केंद्रों की जांच हेतु बीदासर तहसीलदार, सूचना प्रोद्योगिकी और संचार विभाग के प्रोग्रामर, सहायक प्रोग्रामर तथा सूचना सहायक की जांच टीम गठन कर बीदासर उपखंड के समस्त आधार केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। एसडीएम सुमन शर्मा के निर्देश पर गठित जांच टीम ने लगातार दो दिन कुल सात आधार केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसने बीदासर स्थित आधार सेंटर द्वारा निर्धारित राशि से अधिक राशि लेना पाया गया। तहसीलदार डॉ सुरेंद्र भास्कर एवं प्रोग्रामर संजय जनागल, सहायक प्रोग्रामर गणेश सारण और सूचना सहायक प्रकाश कांटीवाल द्वारा शहरी क्षेत्र बीदासर स्थित 3 आधार सेंटर और ग्रामीण क्षेत्र के 4 आधार केंद्र सांडवा, इंयारा, तेहनदेसर व लालगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। जिसने रेट लिस्ट, रसीद का वितरण, रजिस्टर इंद्राज करना, गर्मी के मौसम की वजह से छाया एवं पानी आदि की व्यवस्था, भीड़ को नियंत्रित करने हेतु टोकन व्यवस्था के बारे में निर्देश दिए।

# धोखाधड़ी के मामले में तीन साल से फरार आरोपी गिरफ्तार



खेतड़ी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

■ आरोपी दोस्त से मिलने के बहाने गाड़ी ले गया था, जिसे वापस ही नहीं लौटाया था

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी पुलिस ने देर शाम को धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने दोस्त से मिलने के बहाने गाड़ी ले गया था, जिसे वापस ही नहीं लौटाया था। थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत ने बताया कि 15 अप्रेल 2021 को पहाड़सर चूरू निवासी राजकुमार ने थाने में रिपोर्ट दी कि रोलाना का बास तन दलेलपुरा निवासी दीनदयाल सिंह पुत्र रोहिताश जाट का उसके पड़ोसी अंकित शर्मा के पास आना जाना था, जिसके चलते उसकी भी पहचान हो गई। 9 फरवरी 2021 को वह अपने जयपुर में बीमार दोस्त से मिलने के बहाने परिवादी की गाड़ी मांगकर ले गया। इसके बाद आरोपी ने एक सप्ताह तक उसकी गाड़ी वापस नहीं लौटाई।

इसके बाद परिवादी को पता चला की उसकी गाड़ी को खेतड़ी पुलिस ने किसी मामले में जब्त कर लिया। जिसके बाद आरोपी दीनदयाल व अन्य ने फर्जी कागजात तैयार कर गाड़ी को छुडवा लिया। थाने में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए दिल्ली, दलेलपुरा सहित अन्य संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया।इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहा आरोपी अपने गांव आया हुआ है। जिस पर पुलिस की टीम ने दबिश देकर रोलाना का बास तन दलेलपुरा निवासी दीनदयाल सिंह पुत्र रोहिताश जाट को गिरफ्तार कर लिया।थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा गाड़ी बरामदगी के प्रयास किए जा रहे है। आरोपी घटना के बाद से तीन साल से फरार चल रहा था। इस दौरान टीम में थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत, कांस्टेबल महेश कुमार, राजवीर सिंह आदि शामिल थे।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 29 को

**सीकर,** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सीकर संभाग मुख्यालय पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 2024 कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में 29 जून को होगा। कार्यक्रम में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे।

जिला कलेक्टर कमर चौधरी की ओर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम के सफलता पूर्वक संचालन के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर हेमराज परिडवाल एवं उपखण्ड अधिकारी सीकर जय कौशिक को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन की जिम्मेदारी दी है।

कार्यक्रम को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा संबोधित करेंगे। इस दौरान राज्य के सभी संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर इन नव नियुक्त कार्मिकों के साथ वर्चुअली उपस्थित रहेंगे। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बताया कि इस कार्यक्रम में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र और स्वागत सेट प्रदान कर उपस्थिति प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।

# कॉलेजों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। नीट परीक्षा को रद्द करने व जिलेभर की कॉलेजों में विभिन्न मांगों को लेकर छात्र संगठन एसएफआई ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज गुर्जर ने कहा कि नीट परीक्षा 2024 में पेपर लीक सहित अन्य अनियमितताओं के विरोध पूरे देश में विद्यार्थियों में आक्रोश है।

इसी आक्रोश को ध्यान में रखते हुए नीट परीक्षा में हुए घोटाले में निष्पक्ष जांच तथा 5 मई 24 को आयोजित नीट परीक्षा को रद्द करके दुबारा करवाएं। जिलाध्यक्ष अनीश धायल ने बताया कि जिलेभर के कॉलेजों की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। जिसमें जिला मुख्यालय का सबसे बड़ा महाविद्यालय मोरारका महाविद्यालय झुंझुनूं में एमकॉम, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र तथा उर्दू विषय शुरू करने, राजकीय महाविद्यालय सूरजगढ़ में भवन निर्माण का कार्य जल्द से जल्द शुरु करने, सेठ नेतराम मगराज टीबड़ेवाल कन्या महाविद्यालय झुंझुनूं में अधूरे पड़े छात्रावास को पूर्ण करने, राजकीय महाविद्यालय नवलगढ़ में भूगोल एवं राजनीतिक विज्ञान विषय शुरु करने, सोसाइटी एक्ट पर खोले गए नए महाविद्यालयों को बंद करने की बजाय सरकार के अधीन किया जाए। छात्रसंघ महासचिव मोहम्मद साहिल कुरैशी ने बताया कि विषय शुरू करने की मांग को लेकर विधायक और राज्य सरकार को ज्ञापन व प्रदर्शन के माध्यम से अवगत कराता रहा है।

## नशा मुक्ति को लेकर जागरूक किया

**रतनगढ़,** (निसं)। ताल्लुका विधिक सेवा समिति रतनगढ़ की ओर से अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर हनुमान बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। उपस्थित विद्यार्थियों सहित स्टाफ से आमजन को नशा मुक्ति को लेकर जागरूक करने की अपील की। शिविर में बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया साथ ही विधिक सहायता के बारे में भी बताया गया। समिति सचिव लक्ष्मी सैनी ने बताया कि नशा दीमक की तरह समय से पहले ही जीवन को खत्म कर देता है नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति न केवल अपनी शारीरिक हानि करता है बल्कि अपने परिवार के साथ साथ सामाजिक वातावरण को भी दूषित करता है वर्तमान में युवा पीढ़ी इसका शिकार होकर अपने भविष्य को नष्ट कर रही है।

# चार माह से फरार दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

■ वीडियो बनाकर दी वायरल करने की धमकी

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी पुलिस ने कॉलेज जा रही युवती को बाइक पर ले जाकर बलात्कार करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी चार माह से फरार चल रहा था तथा आरोपी ने युवती के परिजनों को वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी थी।

मामले की जांच कर रहे डीएसपी जुल्फीकार अली ने बताया कि 4 फरवरी को थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि उसकी नाबालिग लड़की कॉलेज जा रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार होकर आया विकास कुमार उसे बहला फुसलाकर कर कॉलेज छोड़ने के बहाने बाइक पर बैठाकर ले गया। इस दौरान उसे नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ बलात्कार किया तथा फोन में वीडियो बना लिए। इसके बाद आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ कई बार ज्यादती की।

थाने में मामला दर्ज होने के बाद एसपी प्रवीण कुमार नायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया।

पुलिस की टीम आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी कि पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि बलात्कार करने का आरोपी अपने गांव आया हुआ है। जिस पुलिस की टीम ने आरोपी की पांच माह तलाश करने के बाद उसके घर पर दबिश देकर आरोपी विकास कुमार पुत्र वीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

इस दौरान टीम में थानाधिकारी भंवरलाल कुमावत, एचसी राजकुमार, कांस्टेबल राजवीर सिंह, चोखाराम आदि शामिल थे।

# नये अपराधिक कानून के बारे में जानकारी दी

**पाटन,** (निसं)। न्यायालय परिसर नीमकाथाना में गुरुवार को नये अपराधिक कानूनो से सम्बन्धित जागरूकता को लेकर संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी में अभियोजन अधिकारी कौशल सिंह राठौड़ ने नये कानून के बारे में आमजन, अधिवक्ताओं व कार्मिकों को बताया कि नये आपराधिक कानूनों में महिलाओं व बालकों के विरूद्ध अपराधों को प्राथमिकता दी गई है और हत्या जैसे अपराध अब धारा 302 भा.द.सं. के बजाय धारा 103 (1) बी. एन. एस. में दर्ज होंगे।

इसके अलावा अन्य धाराओं को हटाकर नई धाराए जोडी गई, जैसे कि बी.एन.एस.2023 धारा 111 में संगठित अपराध, धारा 113 जोडकर आंतकवादी कृत्य नई धारा जोडी गई। नई धारा 304 में चैन स्नेचिंग (झपटमारी) धारा जोडी गई। नये कानून में ई.एफ.आई.आर.का प्रावधान किया है। साथ ही डिजिटल व इलेक्ट्रोनिक्स साक्ष्यों को मान्यता दी गई। पहली बार सामुदायिक सेवा जैसी सजा का प्रावधान कर अपराधियों को सुधरने का अवसर दिया गया हैं। हत्या जैसे मामले मोबल्चिंग जैसे अपराधों के लिए धारा 103 (2) बी.एन.एस. जोडी गई हैं। तलाशी व जब्ती की कार्यवाही के दौरान पुलिस द्वारा ऑडियो, वीडियो, इलेक्ट्रोनिक्स सामग्री से भी मौके पर कार्यवाही करना आवश्यक किया गया हैं साथ ही गम्भीर प्रकृति के अपराधों में फोरेंन्सिक जांच को आवश्यक किया गया हैं। विशेषज्ञ द्वारा क्राईम सीन का निरीक्षण किये जाने का प्रावधान किया गया हैं। नई संहिता में जीरो एफ.ई.आर. का भी प्रावधान किया गया हैं। उक्त तीनो नवीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एंव भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के रूप में दिनांक 1 जुलाई 2024 से लागू होगें।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 29 जून को

**झुंझुनूं,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप युवाओं को रोजगार के बेहतरीन अवसर उपलब्ध करवाने की मंशा के साथ 29 जून को जिला मुख्यालय के सूचना केंद्र सभागार में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित किया जाएगा। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र व वेलकम किट प्रदान किया जाएगा तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नवनियुक्त कार्मिकों को संबोधित करेंगे। उन्होंने आदेश जारी कर अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं तथा समुचित दिशा-निर्देश दिए हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर कार्यशाला



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

**उदयपुरवाटी,** (निसं)। कस्बे के घूमचक्कर के पास स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के उपलक्ष में मेरा भारत व्यसन मुक्त भारत विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

जिसमें स्थानीय सेवास्थान संचालिका ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने व्यसन से होने वाले नुकसान तथा निवारण के बारे में विस्तार से जानकारी दी, उन्होंने बताया जिंदगी एक अमूल्य ईश्वरीय उपहार है लेकिन यदि इस खूबसूरत जीवन में किसी भी नशे की लत लग जाए तो यह कब इंसान को खोखला बना दे पता ही नहीं चलता। तनाव को दूर करने के मकसद से किया जाने वाला नशा उम्र भर के लिए तनाव दे जाता है । पल भर के सुकून के लिए की जाने वाली गलती जिंदगी भर के लिए सजा बन जाती है । ब्रह्माकुमारीज में सिखाये जाने वाले राजयोग मेडिटेशन से लाखों लोग व्यसन मुक्त बने हैं, क्योंकि राजयोग से सकारात्मक सोच एवं सकारात्मक जीवन शैली बनती है जिससे खुशी के हारमोंस बनने लगते है, मनोबल बढ़ता है । ईश्वरीय नशा एवं खुशी सहज मनुष्य को सब नशों से मुक्त कर देता है । कार्यक्रम में बद्रीप्रसाद तंवर ने कहा कि नशे की प्रवृत्ति से परिवार व समाज में आपराधिक घटनाएं बढ़ती हैं । कार्यक्रम में एडवोकेट मोतीलाल सैनी, बजरंग लाल सोनी ने भी नशामुक्ति की रोकथाम को लेकर विचार व्यक्त किए । इस वर्ष अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस "साक्ष्य स्पष्ट है, रोकथाम में निवेश करें" की थीम पर आयोजित हो रहा है । अन्तराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने नशामुक्ति की रोकथाम एवं नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने का संकल्प लिया । इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता प्रियंका असवाल, देवेंद्र यादव, कमलेश यादव, वीरेंद्र कुमार सैनी, आशा सैनी, सत्यनारायण असवाल, सुलतान सिंह सहित शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया ।

## कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक 29 को

**सादुलपुर,** (निसं)। चूरू जिला कांग्रेस कमेटी की जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक 29 जून 2024 शनिवार को सुबह 10.30 बजे सादुलपुर में सांसद निवास पर आयोजित होगी। जिलाध्यक्ष इन्द्राज खीचड की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में चूरू सांसद राहुल कस्वां सहित जिले के समस्त विधायकगण, विधानसभा प्रत्याशी, जिले के पदाधिकारी, समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, डीसीसी मेम्बर, निकायों के प्रमुख, पंचायत समिति प्रधान व अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# सी.एम. से मिले गौरव सैनानी शिक्षक

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान गौरव सैनानी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजवीर चनाना के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के झुंझुनूं आगमन पर गौरव सैनानी शिक्षकों ने मिलकर ज्ञापन सौंपा।

जिसमें माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा विभिन पदों पर विभागीय पदोन्नित एवं पदस्थापन में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार 2016 से वरीयता क्रम निर्धारण ऑनलाइन काउंसलिंग में विशेष वर्ग में विधवा, विकलांग, असाध्य रोग, एकल महिला, महिला एवं पूर्व सैनिक को पदस्थापन में प्राथमिकता में रखकर इन्हें राहत प्रदान की गई थी। जो कांग्रेस सरकार में भी इस वरीयता को यथावत रखा गया। लेकिन हाल ही में भजपा सरकार बनने के बाद 22 जून 2024 को निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर द्वारा रिव्यू डीपीसी प्राध्यापक स्कूल शिक्षा वरीयता निर्धारण का आदेश जारी किया गया। जिसमें सभी वर्गों को पूर्व में जारी वरीयता को यथावत रखते हुए केवल भूतपूर्व सैनिकों को वंचित किया गया है। जो सैनिकों के साथ अन्याय हुआ है। इसको पूर्व की भांति जारी रखने की मांग की। प्रदेशाध्यक्ष चनाना ने मुख्यमंत्री को बताया कि पूर्व सैनिक, सैन्य सेवा के दौरान दुर्गम एवं दूर दराज के इलाकों में 20 से 25 वर्षों तक अपने त्याग बलिदान शौर्य का परिचय देकर वर्षों तक घर परिवार से दूर रहकर देश सेवा में अपना अहम योगदान दिया है। इन्हें राज्य सेवा में घर के नजदीक मौका मिलना चाहिए। जिस पर मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सैनिकों को उनका हक मिलेगा। ज्ञापन देने वालों में महामंत्री उम्मेदसिंह, उपाध्यक्ष पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महन, संगठन मंत्री जयपालसिंह शेखावत, जिलाध्यक्ष सीकर रविंद्र डोटासरा, मीडिया प्रभारी श्रीराम पिलानिया, सुभाष चलका, विक्रमसिंह शेखावत, देलसर, महेंद्रसिंह, राजेश पीपली, प्यारेलाल, राजेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### कमल कान्त शर्मा के लिए टिकट मांगी



**झुंझुनूं,** (निसं)। भाजपा के घोषणा पत्र में किए वादे के अनुसार पेंशनर लाभार्थियों को 15 प्रतिशत बढ़ी हुई राशि आवंटन हेतु गुरुवार को झुंझुनूं के केशव आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण में आयोजित सभा में शिरकत होने आए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हैलीपैड पर भाजपा ज़िला पदाधिकारियों एवं मण्डल अध्यक्षों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया व सामूहिक रूप से एक स्वर में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एव ज़िला प्रवक्ता कमल कान्त शर्मा का चुनाव बायोडाटा देकर आगामी विधानसभा के उपचुनाव हेतु टिकट देने की मांग की। इस मौक़े पर उप ज़िला प्रमुख सतवीर गुर्जर, ज़िला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढुकिया, सुनील लाँबा, रमनिरंजन पुरोहित, मदनलाल सैनी, राकेश शर्मा बगड़, शेर सिह निर्बान, ज़िला मंत्री महावीर ढाका, महेंद्र चंदवा, नीता यादव, सुनीता स्वामी, मंजु सैनी, रामस्वरूप सैनी, रिसाल कँवर, कोषाध्यक्ष सेवाराम गुप्ता, आईटी ज़िला संयोजक सौरभ सोनी, सोशियल मीडिया ज़िला संयोजक चन्द्र प्रकाश शुक्ला, सुभाष मावंडिया, किसान मोर्चा ज़िलाध्यक्ष रतन सिह तंवर, महिला मोर्चा ज़िलाध्यक्ष सरोज श्योरान, एससी मोर्चा ज़िलाध्यक्ष सुरेंद्र भाटिया, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष भादरमल स्वामी, कुलोद मण्डल अध्यक्ष सतीश खिचड़, अशोक मलानी, मण्डल अध्यक्ष ओम सोनी, सुधीर चौमल, मोहन सैनी, नरेंद्र सिह, विजेंद्र सहित बड़ी संख्या में उपस्थित सभी भाजपा पदाधिकारियों ने कमल कान्त शर्मा के बायोडाटा पर हस्ताक्षर कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सौंपा।

### मुख्यमंत्री का जानू ने किया स्वागत

**झुंझुनूं,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की झुंझुनूं यात्रा में यहां के प्रमुख समाजसेवी और अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष शिवकरण जानूं द्वारा विशेष स्वागत और आत्मीय मुलाकात सबसे ज्यादा चर्चा में है। दरअसल जैसे ही मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से झुंझुनू हवाई पट्टी पर उतरे तो वहां पर पुलिस प्रशासन अधिकारियों द्वारा अगवानी करने के बाद जब जनप्रतिनिधियों और विशिष्ट जनों से मिल रहे थे तो शिवकरण जानूं से मिलते हुए उन्होंने विशेष बातचीत की। मुस्कुरा कर कुछ अच्छा होने का संकेत किया और फिर आगे बढ़ गए। मुख्यमंत्री एयरपोर्ट से मुलाकात के बाद सीधे झुंझुनूं शहर में इंदिरा नगर स्थित केशव विद्या मंदिर के प्रांगण में आयोजित जनसभा में पहुंचे।

### तैराकों ने 4 गोल्ड सहित 13 मैडल जीते



**सीकर,** (निसं)। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर के तैराकों ने राजस्थान तैराकी संघ एवं राज्य क्रीडा परिषद राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में 5 गोल्ड मैडल सहित कुल 13 मैडल जीते। खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि एसएमएस स्टेडियम जयपुर में आयोजित राजस्थान तैराकी संघ एवं राज्य क्रीडा परिषद राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में पहले दिन के मुकाबलों में केशवानन्द के कुनाल फौजदार ने 3 गोल्ड मैडल, हिमांशु ने 1 गोल्ड 2 सिल्वर, मानसिंह ने 2 सिल्वर, मयंक ढाका ने 1 सिल्वर, 2 ब्रोंज मैडल, खुशबु सैनी ने 1 ब्रोंज मैडल व पायल ने 1 ब्रोंज मैडल हासिल किया। इस प्रकार पहले दिन के मुकाबले में केशवानन्द के तैराकों ने 5 लाख 75 हजार रूपये जीते है। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. विजेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य शांति प्रसाद नेगी ने विजेता तैराकों को बधाई प्रेषित की।

### स्कूल में कमरा निर्माण की राशि दी

**चूरू,** (निसं)। बंका परिवार ने कक्षा कक्ष निर्माण हेतु 2.50 लाख की सहायता राशि प्रदान की। श्री जे जे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांगियासर में प्रवासी भामाशाह मुरारी लाल बांका व धर्मपत्नी इंदिरा देवी अग्रवाल पुत्र मनोज कुमार बंका द्वारा विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री अंत सहभागिता योजना में कक्षा कक्ष निर्माण करवाने हेतु 2.50 लाख रुपए का सहयोग प्रदान किया है। प्रधानाचार्य नवीन गढ़वाल ने बताया कि विद्यालय में कक्षा कक्षा की कमी को देखते हुए भामाशाह मुरारी लाल बंका से संपर्क कर कक्ष निर्माण हेतु आग्रह करने पर उन्होंने विद्यार्थी हित में अपने माता-पिता लक्ष्मी नारायण बंका व रतनी देवी बंका की स्मृति में 2.50 लाख की राशि प्रदान की है ।प्रवासी भामाशाह द्वारा विद्यालय में पूर्व में भी एक टीन शेड व ट्यूब वेल का निर्माण करवाया गया है।

### कलेक्टर आज जनसुनवाई करेंगे

**कोटा**(निसं)। जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी 28 जून (शुक्रवार) को नेछवा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गनेड़ी में रात्रि चौपाल में जनसुनवाई कर ग्रामीणों के मौके पर ही अभाव अभियोग सुनेंगे। रात्रि चौपाल में जिला स्तरीय अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे।

# आकाशीय बिजली गिरने से पावर स्टेशन जला



धूल भरी आंधी से ग्रामीण क्षेत्रों में 35 विद्युत पोल टूट गए।

■ दर्जनों पोलों पर इंसुलेटर जले, तेज आंधी से एक दर्जन से अधिक विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हुए

**सादुलपुर,** (निसं)। मानसून की हुई पहली बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से विद्युत निगम को लाखों रुपए का नुकसान हो गया। घटना के बाद विद्युत आपूर्ति बाधित होने से एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों को बुधवार रात्रि को अंधेरे में रहना पड़ा।

धूल भरी आंधी के साथ हुई बारिश के दौरान गांव नीमा में स्थित जीएसएस का पॉवर ट्रांसफार्मर जल गया। बारिश के दौरान भोजाण गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक विद्युत ट्रांसफार्मर भी जल गया। धूल भरी आंधी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में 35 विद्युत पोल टूट कर क्षतिग्रस्त हो गए। आकाशीय बिजली गिरने से हुए नुकसान के बाद दर्जनों गांवों सहित कई कृषि कनेक्शनों की सप्लाई बाधित रही है। इसके अलावा शहर के वार्ड नंबर 25 में धीरू की ढाणी में अनवर बैग पुत्र निशाम बेग के मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से मकान की छत और दीवार क्षतिग्रस्त हो गए तथा मकान की बिजली फिटिंग, पानी की मोटर, इन्वेंटर आदि बिजली से संचालित यंत्र जल गए।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**रतनगढ़,** (निसं)। स्थानीय लिंक रोड स्थित कानजी गेस्ट हाऊस प्रांगण में नगर के कानजी हरितवाल परिवार द्वारा संगीतमय सप्त दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ आज गुरुवार को मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ।

श्री सिद्धपीठ ताल वाले बालाजी मंदिर प्रांगण से शुरू हुई कलश शोभा यात्रा लिंक रोड़ होती हुई कथा स्थल पहुंची ।मंगल कलशों का पूजन गायत्री परिवार के प्रतिनिधियों ने विधि विधान से कराया । कलश यात्रा का आमजन ने अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

कथा के प्रथम दिवस भागवत मर्मज्ञ कथावाचक संत हरिशरण महाराज ने भागवत का महात्म्य बताते हुए कहा कि पूर्व जन्म के पुण्य से भागवत कथा सुनने को मिलती है।इसके सुनने मात्र से व्यक्ति समस्त पापों से मुक्त होकर भगवान की शरण में चला जाता है।

महाराज ने आज ज्ञान ,वैराग्य और भक्ति पर चर्चा करते हुए कहा कि भगवान आनन्द स्वरूप है।

# अवैध शराब तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार




अवैध शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया।

■ 320 अंग्रेजी शराब के कार्टन मय ट्रक कंटेनर के जब्त किया था

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के लगभग 11 माह पुराने मामले में फरार चल रहे टॉप-10 आरोपी को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी पुष्पेंद्र झाझड़िया ने बताया कि 12 जुलाई 2023 को एक वाहन कंटेनर जिस पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर पंजाब से गुजरात शराब की तस्करी की जा रही थी, जिस पर थाना राजगढ़ की टीम ने 320 अंग्रेजी शराब के कार्टन मय ट्रक कंटेनर के जब्त किये थे।

मौके पर अवैध शराब तस्करी में ट्रक कंटेनर चालक आरोपी ईसराराम निवासी बाडमेर को गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद वाहन ट्रक कंटेनर के रजिस्ट्रेशन मालिक दीपक उर्फ डी.के. पुत्र केवल सिंह राजपूत निवासी लेघा हेतवान पुलिस थाना तोशाम जिला भिवानी हरियाणा मुकदमा दर्ज होने के बाद से लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतू थाना स्तर पर टीम का गठन किया। जिसमें हेड कांस्टेबल सुनिल कुमार पिलानिया व नवीन कुमार कांस्टेबल ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी झाझड़िया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दीपक उर्फ डी.के. को जिला पुलिस अधीक्षक चूरू द्वारा टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में भी शामिल किया गया है।

